झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
समग्र शिक्षा अभियान

जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924
इमेल-chatrajepc@ymail.com

पत्रांक – 348 दिनांक – 05/03/2025

प्रेषक,

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा०शि०प०,चतरा

सेवा में,

प्रधानाध्यापक
1. डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल, चतरा
2. डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल, बचरा
3. डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल, टण्डवा
4. इन्दुमति टिबडेवाल सरस्वती विद्या मंदिर, चतरा
5. कृष्णा किड्स पब्लिक स्कूल, चतरा।

विषय :– **निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) C अंतर्गत नामांकन हेतु दिनांक 12.03.2025 को जिला स्तरीय बैठक मे भाग लेने के संबंध में।**

प्रसंग :– **निदेशक,झा.शि.प.परिषद् राँची के पत्रांक 971 दिनांक 14.04.2022**

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषयक अंकित करना है कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षाओं में अभिवंचित समूह कमजोर वर्ग के बच्चों का न्यूनतम 25% सीटो पर ऑनलाईन पोर्टल **https://rtechatra.in** के माध्यम से नामांकन लिया जाना है। इस क्रम में सीटो का निर्धारण करते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार आवश्यक होगा फलतः इसके निमित **निदेशानुसार दिनांक 12.03.2025 को उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता मे इनके सभागार कक्ष मे अपराह्न 01:00 बजे से बैठक निर्धारित की गई है,** जिसमे आप सभी की उपस्थिति आवश्यक है। जिसमे प्रवेश कक्षा के सीटो की उपलब्धता संबंधी प्रतिवेदन विहित प्रपत्र मे लाना अपेक्षित होगा।

अतः निदेश है कि विद्यालय के मान्यता से संबंधित अभिलेख एवं प्रवेश कक्षा के नामांकन पंजी एवं छात्र उपस्थिति पंजी तथा प्रतिवेदन के साथ उक्त बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
05/03/2025
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा०शि०प०,चतरा।

05.03.25 5.3.25

ज्ञापांक/ 348 दिनांक – 05.03.2025

प्रतिलिपिः–

1. संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, चतरा जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त बैठक मे ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।
2. निदेशक, BITSPHERE कडरू राँची को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि स्वंय या अपने प्रतिनिधि को उक्त बैठक मे भाग लेना/भेजना सुनिश्चित करेंगे।
3. जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उपायुक्त चतरा को सूचनार्थ सादर समर्पित।

05/03/2025
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा०शि०प०,चतरा।

05.03.25 5.3.25

Scanned with CamScanner

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा

शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत प्रवेश कक्षा में 25% सीटों की निर्धारण/उपलब्धता संबंधी प्रपत्र

विहित प्रपत्र

क्र	विद्यालय का नाम, पता	विद्यालय की प्रवेश कक्षा,जिसपर नामांकन लिया जायेगा	प्रवेश कक्षा में कुल नामांकन क्षमता	कुल नामांकन क्षमता का 25 प्रतिशत संख्या
1				

हस्ताक्षर
प्रधानाध्यापक

प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रखण्ड संसाधन केन्द्र,......

प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी–सह–समन्वयक,
प्रखण्ड संसाध्न केन्द्र,.....................

Scanned with CamScanner